
# ब्रैम्पटन के नैचुरल हेरिटेज सिस्टम (एन.एच.एस.) की मौजूदगी में रहना



# ब्रैम्पटन का
# नैचुरल हेरिटेज सिस्टम

इस मानचित्र को विस्तार में देखने के लिए, brampton.ca/nhs पर जाएं



# विषय सूची


एन.एच.एस. (NHS) क्या है? . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 2

ईकोसिस्टम सेवाएं, जो एन.एच.एस. प्रदान करता है . . . . . . . . . . . . . . . . . 4

स्टॉर्मवाटर और पानी की गुणवत्ता . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 5

मूल स्पेसीज: पौधे . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 6

मूल स्पेसीज: जानवर . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 8

आक्रमणकारी स्पेसीज . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 10

आप एन.एच.एस. की हिमायत कैसे कर सकते हैं: घर में . . . . . . . . . . . . . . 12

आप एन.एच.एस. की हिमायत कैसे कर सकते हैं: घूमने के समय . . . . . . . . . . 13

अकसर पूछे जाने वाले सवाल . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 14

शब्दावली . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 16

# एन.एच.एस. क्या है?

एन.एच.एस. का अर्थ है, नैचुरल हेरिटेज सिस्टम; इस शब्द का प्रयोग, ब्रैम्पटन की कुदरती विशेषताओं और क्षेत्रों का वर्णन करने के लिए किया जाता है। एन.एच.एस. आपस में जुड़े जंगलों, जलमार्गों, वेटलैंड्स और मेडोज से बना है, जिनको बायोडायवर्सिटी और ईकोलॉजिकल प्रक्रियाओं की सुरक्षा के लिए बचाकर रखा और संभाला जाता है। एन.एच.एस. ब्रैम्पटन में हर जगह पर है, और लोकल पार्कों में जाएंगे तो अकसर इन कुदरती विशेषताओं को देखेंगे। सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, कुदरती और निर्मित पर्यावरण से बने बेजोड़ जानदार लैंडस्केप पेश करती है।


**ब्रैम्पटन के जंगल, कैरोलिनियन (Carolinian) ज़ोन का हिस्सा हैं। इस ज़ोन में, कैनेडा के किसी भी अन्य जंगल के मुकाबले, लुप्तप्राय और दुर्लभ स्पेसीज हैं। इस कारण से इन जगहों पर जाएं तो कुदरती आवास को नुकसान पहुंचने और खराब होने से बचाने के लिए पगडंडी पर रहना जरूरी है।**

**क्या आपको पता है?**

## एन.एच.एस. की विशेषताएं

**जंगल** – बहुत बड़ी मात्रा में पेड़ों, झाड़ियों और फूलों से ढकी जमीन के क्षेत्र। जंगल, पौधों और जानवरों के लिए घर प्रदान करते हैं, बाढ़ आने को कम करते हैं और हवा को साफ करते हैं। वे आराम करने और सक्रिय रहने के लिए शानदार जगहें हैं। बाइक पर मैसी वुडलैंड (Massey Woodland) या स्प्रिंगडेल फोरेस्ट (Springdale Forest) में जाएं!

**घाटी की जमीनें** – ये क्षेत्र, हैडवाटर्स (नदी शीर्षों) से पानी प्राप्त करते हैं और नहरों से लेकर लेक ओनटैरियो (Lake Ontario) तक लेकर जाते हैं। ये मछली के लिए कुदरती आवास प्रदान करते हैं और पौधों के लिए और जानवरों को क्षेत्रों के बीच आने-जाने देने के लिए कॉरिडोर के तौर पर काम करते हैं। ब्रैम्पटन के तीन मुख्य घाटी कॉरिडोर हैं, क्रेडिट रिवर (Credit River) और फ्लेसचर्स क्रीक (Fletcher's Creek), ईटोबीको क्रीक (Etobicoke Creek) और वेस्ट हम्बर रिवर (West Humber River)।



स्प्रिंगडेल फोरेस्ट (Springdale Forest)



ईटोबीको क्रीक ट्रेल (Etobicoke Creek Trail)

**वेटलैंड्स** – कई अलग-अलग प्रकार की वेटलैंड्स हैं, जिनमें शामिल हैं, दलदलें, धसानें, कच्छ भूमि और दलदली जमीनें। वेटलैंड्स प्रदूषकों को हटाते हुए, लोकल स्पेसीज के लिए साफ-सुथरे आवास बनाते हुए, अस्थायी तौर पर स्टॉर्मवाटर रनऑफ को जलमार्गों में दाखिल होने से पहले, इसे स्टोर और फिल्टर करती हैं। वेटलैंड के काम का अनुभव लेने के लिए हार्ट लेक कन्जरवेशन एरिया (Heart Lake Conservation Area) में जाएं!



कन्जरवेशन डॉ. पार्क वेटलैंड
(Conservation Dr. Park Wetland)

**जलमार्ग और झीलें** – धूप, स्पोर्ट्स, मछली पकड़ना और खूबसूरत नज़ारे – ये सब तथा और भी बहुत कुछ ब्रैम्पटन की झीलों और बीचस पर देखें! ब्रैम्पटन की बेहद खूबसूरत झीलें और नदियां, जो बेहद खूबसूरत हैं, पर लोगों को इनके बारे में ज्यादा पता नहीं है, जो लुप्तप्राय रेडसाइड डेस सहित, कई तरह की जलीय स्पेसीज का घर हैं! ब्रैम्पटन में खुद-गाइड किए टूर के द्वारा कई झीलों और बीचस का आनंद लेने के लिए: www.brampton.ca/lakestour पर जाएं।



नोर्टन लेक (Norton Lake)

**मेडोज** – अकसर रंग-बिरंगे जंगली फूलों से भरे और पक्षियों तथा कीड़े-मकौड़ों की आवाजों के साथ जीवंत, यह बायोडायवर्सिटी हॉटस्पॉट, जंगली जीवों का सहारा बनते हैं, कार्बन निकासियों को खींचते हैं और बारिश के पानी को स्टोर करके बाढ़ को कम करने में मदद करते हैं। मेडोज, फोटो खींचने और दोस्तों तथा परिवार के साथ सैर पर जाने की शानदार जगह हैं। काउटन फैमिली मेडो (Cowton Family Meadow) पर जाएं और बहुत-सी तितलियां देखें!



काउटन फैमिली मेडोज (Cowton Family Meadow)



**क्या आपको पता है?**

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, नैचुरल हेरिटेज एंड एन्वायरनमेंटल मैनेजमेंट स्ट्रैटजी (Natural Heritage and Environmental Management Strategy) द्वारा कुदरती क्षेत्रों को बहाल करने के लिए सक्रिय तौर पर काम कर रही है

**अधिक जानकारी के लिए, brampton.ca/nhs पर जाएं!**

# ईकोसिस्टम सेवाएं, जो एन.एच.एस. प्रदान करता है

**ब्रैम्पटन का नैचुरल हेरिटेज सिस्टम (एन.एच.एस.), कई प्रकार की जरूरी ईकोसिस्टम सेवाएं प्रदान करता है, जो सिटी और इसके निवासियों को कई तरीकों से लाभ देती हैं:**





**बायोडायवर्सिटी हिमायत:**
एन.एच.एस., बायोडायवर्सिटी कन्जरवेशन में योगदान देते हुए और ईकोलॉजिकल संतुलन कायम रखते हुए, पौधों और जानवरों की विविध स्पेसीज के लिए घर के तौर पर काम करता है।

**कार्बन रोक:**
पेड़ और वनस्पति, जलवायु संबंधी बदलाव को कम करते हुए और हवा की गुणवत्ता में सुधार करते हुए, कार्बन डाइऑक्साइड को खींचने और स्टोर करने में मदद करते हैं।

**बाढ़ को कम करना:**
एन.एच.एस. के अंदर वेटलैंड और पानी संबंधी कुदरती विशेषताएं, बारिश के अतिरिक्त पानी को सोखकर स्टोर करते हुए, शहरी क्षेत्रों में बाढ़ के जोखिम को कम करते हुए, कुदरती स्पंज के तौर पर काम करती हैं।


**पानी नियंत्रण:**
एन.एच.एस., क्षार को रोकते हुए, नहरों के स्वास्थ्य को कायम रखते हुए और ग्राउंडवाटर सप्लाइज को दुबारा भरते हुए, पानी के प्रवाह को नियंत्रित करने में मदद करता है।

**परागण और फसल की पैदावार:**
मूल पोलीनेटर्स, जैसे मधुमक्खियां और तितलियां, एन.एच.एस. में संपन्न होते हैं और भोजन संबंधी पैदावार को सुनिश्चित करते हुए, कृषि संबंधी फसलों सहित, पौधों के परागण में योगदान देते हैं।

**मिट्टी का स्वास्थ्य और पोषक तत्वों का प्रयोग:**
एन.एच.एस., पोषक तत्वों के प्रयोग को बढ़ाते हुए, मिट्टी की उपजाऊ शक्ति में सुधार करते हुए और स्थिर कृषि में वृद्धि करते हुए, मिट्टी संबंधी स्वस्थ ईकोसिस्टमों की हिमायत करता है।

**रेक्रिएशनल और सांस्कृतिक मूल्य:**
कुदरती क्षेत्र, निवासियों के लिए संपूर्ण भलाई और जीवन गुणवत्ता में सुधार करते हुए, रेक्रिएशन, आउटडोर गतिविधियों और कुदरत के साथ सांस्कृतिक कनेक्शनों के लिए अवसर पेश करते हैं।

# स्टॉर्मवाटर और पानी की गुणवत्ता




स्टॉर्मवाटर, बारिश और पिघली हुई स्नो होती है, जो हमारी प्रॉपर्टीज से बहकर स्ट्रीट्स में चली जाती है। स्टॉर्मवाटर को कैचबेसिन्स के द्वारा सिटी के स्टॉर्मवाटर ड्रेनेज सिस्टम और अंत में पर्यावरण में भेजा जाता है। जैसे-जैसे सिटी ऑफ ब्रैम्पटन विकसित हो रही है, हम जलवायु संबंधी बदलाव के कारण अधिक बार और तीव्र तूफान देखने के साथ-साथ, विकसित क्षेत्रों में छतों, साइडवॉक्स और पार्किंग लॉट्स में अधिक स्टॉर्मवाटर रनऑफ देख रहे हैं।

यदि इसे अनियंत्रित छोड़ दिया जाए, तो स्टॉर्मवाटर रनऑफ के कारण, बाढ़, क्षार, पर्यावरण संबंधी हानि हो सकती है और यह लोगों की सुरक्षा को प्रभावित कर सकता है। इसमें हानिकारक सामग्रियां भी हो सकती हैं, जैसे कूड़ा-कर्कट, साबुन, फर्टिलाइजर, सड़क का नमक और मोटर तेल, जो उन लोकल नदियों और क्रीक्स को प्रदूषित करता है, जो नैचुरल हेरिटेज सिस्टम का हिस्सा हैं। रनऑफ, जो इन नदियों और क्रीक्स में जाता है, वह अंत में बहकर लेक ओनटैरियो में चला जाता है, जो सिटी ऑफ ब्रैम्पटन और दक्षिणी ओनटैरियो की अन्य म्युनिसिपल्टीज के लिए पीने के पानी का स्रोत है।

लोकल नदियों और क्रीक्स की पानी की गुणवत्ता को सुरक्षित रखने के लिए, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, 180 से अधिक स्टॉर्मवाटर तालाबों की जांच और देखरेख करती है, जिनको नए नेबरहुड्स में इंस्टॉल किया गया है। स्टॉर्मवाटर तालाब, निर्मित इंफ्रास्ट्रक्चर हैं, जो स्टॉर्मवाटर रनऑफ को अस्थायी तौर पर स्टोर करके और समय-समय पर इसे धीरे-धीरे रिलीज करके, पानी के बहाव को नियंत्रित करने, बाढ़ को संभालने और पानी की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद करते हैं (ऊपर देखें)। जब रनऑफ को तालाब में स्टोर किया जाता है, तो तलछट नीचे बैठ जाती है, इसलिए नदियों और क्रीक्स में साफ पानी ही वापस आता है।

# मूल स्पेसीज: पौधे

**ब्रैम्पटन का नैचुरल हेरिटेज सिस्टम, बायोडायवर्सिटी से भरपूर है। ये पौधे न केवल देखने में शानदार लैंडस्केप पैदा करते हैं, बल्कि ये पोलीनेटर स्पेसीज और अन्य की हिमायत के लिए बहुत जरूरी हैं। विशेषकर, मूल पेड़, फूल और घास, जंगली जीवों के लिए कुदरती आवास प्रदान करने, मिट्टी को बहाल करने और बायोडायवर्सिटी को सुरक्षित रखने में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मूल स्पेसीज वे हैं, जो किसी खास क्षेत्र में कुदरती तौर पर मौजूद हैं, मतलब उनको लगाया नहीं गया, न जानबूझकर और न ही अनजाने में।**



**शूगर मैपल:**
शूगर मैपल (Sugar Maple) पेड़, कई जानवरों के लिए भोजन का स्रोत है और कीड़े-मकौड़ों तथा पक्षियों के लिए कुदरती आवास प्रदान करता है। इसके रस को मैपल सिरप बनाने के लिए प्रयोग किया जाता है।।



**वाइट ओक:**
वाइट ओक (White Oak) पेड़, पक्षियों, भालुओं, गिलहरियों और अन्य जानवरों के लिए भोजन और कुदरती आवास प्रदान करते हैं। ये संगीतमय आवाजें निकालने वाले पक्षियों के लिए ठिकाना और घोंसला बनाने की जगहें और रेकून्स तथा गिलहरियों के लिए गुफाओं वाली जगहें प्रदान करते हैं।



**वाइट स्प्रूस:**
वाइट स्प्रूस (White Spruce) पेड़, हिरन, खरगोशों, पक्षियों और कुतरने वाले जीवों के लिए भोजन का स्रोत हैं। इसका औसत जीवनकाल 250-350 वर्षों का है और कभी-कभार 1,000 वर्षों तक भी पहुंच जाता है।




**मिल्कवीड:**
मिल्कवीड (Milkweed), मोनार्क बटरफ्लाई (Monarch Butterfly) के लिए बेहद महत्वपूर्ण स्पेसीज है, क्योंकि केटरपिलर्स खास तौर पर मिल्डवीड के पत्तों का भोजन करते हैं। फूल भी पोलीनेटर्स को आकर्षित करते हैं, जैसे भंवरे, पतंगे और कारपेंटर मधुमक्खियां।



**गोल्डनरोड:**
गोल्डनरोड (Goldenrod) जंगली फूलों पर तितली और पतंगे की कई स्पेसीज रहती हैं और ये क्वीन बंबलबीज (Queen Bumblebees) सहित, पतझड़ के पोलीनेटर्स के लिए पराग और मधुरस प्रदान करती है। इसकी कई स्पेसीज हैं, जैसे ज़िगज़ैग गोल्डनरोड (Zigzag Goldenrod) और स्टिफ गोल्डनरोड (Stiff Goldenrod)।



**ऐस्टर्स:**
ऐस्टर्स, पर्ल क्रीसेंट (Pearl Crescent) और मोनार्क बटरफ्लाईज (Monarch Butterflies) सहित, तितली और पतंगे की कई स्पेसीज के लिए भोजन स्रोत हैं। ये प्रवास से पहले पोलीनेटर्स के लिए भोजन प्रदान करते हैं और न्यू इंग्लैंड ऐस्टर्स (New England Asters) और स्वैम्प ऐस्टर्स (Swamp Asters) जैसी किस्मों में आते हैं।



**ब्लैक-आईड सूजन्स (Black-eyed Susans):**
इन फूलों पर तितली और पतंगे की कई स्पेसीज लार्वे के लिए रहती हैं। ये मधुमक्खियों के लिए परागण मधुरस का शानदार स्रोत हैं, जिनमें से कुछ, जैसे कि माइनिंग बी (Mining Bee), केवल इस स्पेसीज से एकत्र करने के लिए माहिर हैं।



**बॉटल ब्रश घास:**
छाया में होने वाली और ग्रहणशील, बॉटल ब्रश (Bottle Brush) घास पर केटरपिलर्स रहते हैं और इसके बीज पक्षियों के लिए भोजन प्रदान करते हैं। इसको ब्लूस्टेम (Bluestem), गोल्डनरोड (Goldenrod) और बड़े-बड़े पत्तों वाले ऐस्टर्स के साथ उगाया जा सकता है।



**लिटल ब्लूस्टेम:**
यह घास खुश्की में होती है, तितलियों को सहारा देती है और पक्षियों के लिए भोजन और कुदरती आवास प्रदान करती है।

# मूल स्पेसीज: जानवर

**जानवर, पर्यावरण और मानव आबादी, दोनों के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। ये परागण, बीज फैलाने और आबादी पर नियंत्रण जैसे जरूरी कामों के द्वारा, बायोडायवर्सिटी को कायम रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।**



**ईस्टर्न काइयोटीस:**
ईस्टर्न काइयोटीस (Eastern Coyotes), ब्रैम्पटन सहित, शहरी क्षेत्रों में आम हैं, ये छोटे स्तनधारी जीवों की आबादी पर नियंत्रण पाने में मदद करते हैं। काइयोटीस की मौजूदगी में रहने के बारे में अधिक जानकारी के लिए, brampton.ca/coyotes पर जाएं।



**कॉमन गार्टर:**
कॉमन गार्टर (Common Garter) सांप नुकसान नहीं पहुंचाते और ब्रैम्पटन में पाए जाते हैं। ये कुतरने वाले जीवों और कीट आबादियों पर नियंत्रण पाकर ओनटैरियो के ईकोसिस्टम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



**रेडसाइड डेस:**
रेडसाइड डेस (Redside Dace), जी.टी.ए. (GTA) में लुप्तप्राय स्पेसीज है, नहरों के साथ-साथ वनस्पति को हटाने से प्रभावित होती है, जो उनकी भोजन सप्लाई, रिवरबैंक सप्लाई और पानी के तापमान पर असर डालती है।



**मोनार्क बटरफ्लाई:**
मोनार्क बटरफ्लाईज, अंडे देने के लिए और मधुरस स्रोतों के लिए मिल्कवीड पौधों पर निर्भर हैं। कुदरती आवास में गिरावट, उनके सर्वाइवल के लिए बड़ा खतरा पैदा करती है।



**मिडलैंड कछुआ:**
मिडलैंड (Midland) कछुए, जो अपने लाल या संतरी निशानों से पहचाने जाते हैं, कुदरती आवास न रहने और विखंडन, परभक्षण और सड़क दुर्घटनाओं के कारण, ओनटैरियो में आबादी में कमी का सामना कर रहे हैं।



**बम्बल बीज:**
बम्बल बीज (Bumble Bees), बेहद महत्वपूर्ण मूल पोलीनेटर्स, हमारे ईकोसिस्टम में योगदान डालती हैं और फसल पैदावार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कुदरती आवास के न रहने के परिणामस्वरूप बम्बल बी की आबादी में कमी आई है।



**ईस्टर्न स्क्रीच आउल्स:**
ईस्टर्न स्क्रीच आउल्स (Eastern Screech Owls), भूरे पंखों और पीली आंखों, जो जंगली क्षेत्रों में घुलने-मिलने में उनकी मदद करती हैं, वाले छोटे उल्लू हैं। ये रात को सक्रिय होते हैं और अपनी मजेदार कंपन ध्वनि के लिए जाने जाते हैं।



**लिटल ब्राउन माइयोटिस बैट:**
लिटल ब्राउन माइयोटिस बैट (Little Brown Myotis Bat), कैनेडा में सबसे अधिक आम स्पेसीज है, जो अकसर मानव-निर्मित ढांचों पर बसेरा लेते हैं। इनसे विघ्न और वाइट नोज सिंड्रोम (White Nose Syndrome) फंगस, जो सर्दी में नींद को प्रभावित करती है, का खतरा होता है।




**नॉर्दर्न लैपर्ड फ्रॉग:**
नॉर्दर्न लैपर्ड फ्रॉग (Northern Leopard Frog), अंधेरी जगहों पर अपने अलग हरे या भूरे रंग से जाना जाता है। यह स्पेसीज आमतौर पर उत्तरी अमेरिका (North America) में वेटलैंड्स और ग्रासलैंड्स में पाई जाती है।



**ब्राउन रैट्स:**
ब्राउन रैट (Brown Rat), जमीनी सतहों के नीचे पेचीदा सुरंग सिस्टम बनाता है। ये सुरंगें, जमीन में बेहतर हवा बहाव और पोषक वितरण होने देने से, स्वस्थ मिट्टी और पौधों के विकास में योगदान देती हैं। ब्राउन रैट्स, उल्लुओं, बाजों और सांपों के लिए भोजन स्रोत के तौर पर काम करते हैं।



**ईस्टर्न चिपमंक:**
ईस्टर्न चिपमंक्स (Eastern Chipmunks), झड़ने वाले जंगलों और शहरी पार्कों में रहते हैं, प्राथमिक तौर पर झुरमुट, लट्ठों और झाड़ियों वाले चट्टानी क्षेत्रों में। उनका भोजन विविध होता है और बाजों, उल्लुओं, लोमड़ियों, सांपों और काइयोटीस द्वारा इनका शिकार किया जाता है।



**कैनेडा गीज:**
कैनेडा गीज (Canada Geese), पर्याप्त भोजन और कुछ कुदरती हिंसक जानवरों के कारण शहरी क्षेत्रों में संपन्न होते हैं। ये आमतौर पर पार्कों में और ताजे पानी के स्रोतों के आसपास पाए जाते हैं और माइग्रेटरी बर्ड्स प्रोटेक्शन एक्ट (Migratory Birds Protection Act) के अंतर्गत इनकी रक्षा की जाती है। ये बीजों को फैलाने और कुदरती क्षेत्रों में पोषक तत्व प्रदान करने में मदद करते हैं।



# आक्रमणकारी स्पेसीज

आक्रमणकारी स्पेसीज, उन गैर-मूल पौधों या जानवरों का हवाला देती है, जो नए ईकोसिस्टम में दाखिल हुए हैं, अकसर मानव गतिविधियों के द्वारा, जो तेजी से फैल सकते हैं और मूल स्पेसीज तथा उनके कुदरती आवासों पर नकारात्मक असर डालती है। यह स्पेसीज संसाधनों के लिए मूल स्पेसीज को मुकाबले में हरा सकती है, ईकोलॉजिकल संतुलन में गड़बड़ पैदा कर सकती है और आर्थिक तथा पर्यावरण संबंधी नुकसान पहुंचा सकती है।



**कॉमन बकथॉर्न (Common Buckthorn)**

**प्रभाव:**

- यह घने झुंड बनाती है, जो मूल पौधों को ढक देते हैं
- यह मूल स्पेसीज की वृद्धि को कम करते हुए मिट्टी में नाइट्रोजन के लेवलों को बदल देती है
- इस पर जई वाली जंग लगती है, यह एक फंगस है, जो जई की पैदावार और गुणवत्ता को प्रभावित करती है और सोयाबीन ऐफिड, कीड़ा लगता है, जो सोयाबीन की फसलों को खराब करता है



**गार्लिक मस्टर्ड**

**प्रभाव:**

- यह शांत जंगलों में दाखिल होकर मूल जंगली फूलों की जगह ले सकते हैं
- फंगी, जो पौधों की जड़ों में पोषक तत्व लेकर आती है, की वृद्धि के साथ विघ्न डालकर मूल पौधों को कम करती है
- ओनटैरियो की कई स्पेसीज को जोखिम में डालती है, अमेरिकी जिनसिंग सहित



**जपैनीज नॉटवीड**

**प्रभाव:**

- घने झुंड बनाते हुए, तेजी से फैलती है, जो जंगली कुदरती आवासों को बिगाड़ते हैं
- अन्य मूल वनस्पति से मुकाबला करके पौधों की बायोडायवर्सिटी को कम करती है
- मजबूत जड़ सिस्टम के साथ आक्रमणकारी, जो लुक और रेत के मिश्रण और कंक्रीट को तोड़ सकता है



### फैग्माइटस

**प्रभाव:**

- पौधों की बायोडायवर्सिटी को कम करते हुए, मूल वनस्पति को हटने के लिए मजबूर करती है
- जंगली जीवों के लिए ख़राब कुदरती आवास और भोजन प्रदान करती है
- मूल पौधों के मुकाबले अधिक पानी का प्रयोग करके पानी के लैवलों को कम करते हुए बहुत जल्दी बढ़ती है



### स्पॉन्जी मोथ

**प्रभाव:**

- बहुत बड़ी माला में पेड़ों के पत्ते गिराकर उनको खत्म कर देती है, जिनकी बदली करने का अर्थ है, शहरों या कारोबारों पर बहुत बड़ा आर्थिक बोझ पड़ना
- उम्र और आबादी की संख्या के आधार पर, केटरपिलर्स, कैनोपी को पूरी तरह खत्म कर सकते हैं



### एशियन कार्प

**प्रभाव:**

- भोजन और कुदरती आवास के लिए मूल स्पेसीज से मुकाबला करती है
- पौधों को जड़ों से हटाती है और तलछट को छलका देती है, जिससे पानी मैला होता है और जलीय पौधो की वृद्धि धीमी हो जाती है



### गोल्डफिश

**प्रभाव:**

- भोजन और कुदरती आवास के लिए मूल स्पेसीज से मुकाबला करती है
- पानी के मैलेपन को बढ़ाते हुए, जलीय पौधों की वृद्धि को धीमा करते हुए, चरागाह बनाते समय गंदगी को हिला देती है
- कुछ कुदरती हिंसक जानवरों के साथ खड़े पानी में बड़ी आबादियां पैदा करने की क्षमता

## आक्रमणकारी स्पेसीज को फैलने से रोकने के लिए आप क्या कर सकते हैं

- आक्रमणकारी स्पेसीज को पहचानने और संभालने के लिए बारे में जानकारी लें। अधिक जानकारी के लिए, invadingspecies.com पर जाएं।
- स्पेसीज की पहचान के लिए Seek by iNaturalist (सीक बाइ आईनेचरलिस्ट) जैसे ऐप्स का इस्तेमाल करें।
- लैंडस्केपिंग में आक्रमणकारी पौधों का प्रयोग करने से बचें और इनकी बजाय गार्डन सेंटर सपलायर्स से वैकल्पिक मूल पौधे मंगवाएं।
- बीज उत्पादन को रोकने के लिए, कूडे में आक्रमणशील पौधों का निपटारा सही ढंग से करें।
- ट्रेल्स पर डंडे के साथ चलकर और पालतू जानवरों को जंजीर से बांधकर रखते हुए, आक्रमणकारी पौधों का फैलना कम करें।

**आक्रमणकारी स्पेसीज दिखें तो इनवेडिंग स्पेसीज हॉटलाइन (INVADING SPECIES HOTLINE), 1-800-563-7711 पर या निम्नलिखित के द्वारा रिपोर्ट करें**

**EDDMAPS.ORG**

# आप एन.एच.एस. की हिमायत कैसे कर सकते हैं: घर में

### पानी की गुणवत्ता को सुरक्षित करें

- कभी भी केमिकल्स, तेल, धूल या प्रदूषित पानी को, कैचबेसिन्स, तालाबों, खाईयों, क्रीक्स या नदियों में न डालें और इनमें न धोएं। घर के खतरे वाले कूड़े का निपटारा, ब्रैम्पटन की नियत कूड़ा निपटान जगहों पर सही ढंग से करें।
- जब संभव हो, अपनी कार को कर्मशियल कार वॉश में धोएं और घर में अपनी कार के धोने से प्रदूषित हुए पानी का निपटारा सिंक या टायलेट में करें, ताकि इसे ट्रीट किया जा सके।
- सर्दियों में सड़क पर आप जिस नमक का प्रयोग करते हैं, उसकी मात्रा का ध्यान रखें, क्योंकि बहुत ज्यादा नमक, जलमार्गों को प्रदूषित करता है।

### जंगली जीवों की हिमायत करें

- कूड़े और कंपोस्ट को जानवर-प्रूफ कंटेनरों या डिब्बों में स्टोर करें।
- पक्षियों के फीडर्स के आसपास जमीन पर पड़े बीजों को साफ करें।
- यदि संभव हो तो पेड़ों की गिरी हुई शाखाओं और खत्म हुए पेड़ों (डेड ट्रीज) को वैसे ही छोड़ दें। ये सामग्रियां, मिट्टी के लिए महत्वपूर्ण पोषक तत्व प्रदान करती हैं और जंगली जीवों के लिए भोजन और शेल्टर का स्रोत हैं।

### मूल स्पेसीज उगाएं

- पक्षियों, तितलियों और अन्य जंगली जीवों को आकर्षित करने के लिए अपने यार्ड के डिजाइन के लिए अधिक कुदरती दृष्टिकोण अपनाएं।
- मूल स्पेसीज, झाड़ियां और फूल उगाएं। मूल स्पेसीज बायोडायवर्सिटी बढ़ाती हैं, जंगली जीवों के लिए भोजन और शेल्टर प्रदान करती हैं और गैर-मूल स्पेसीज के मुकाबले, इनको कम पानी और देखरेख की जरूरत होती है।
- पौधों को नियंत्रित करने के लिए विषैले केमिकल्स, जड़ी-बूटी मारने वाली दवाईयों (हर्बिसाइडस) या कीटनाशक दवाईयों (पेस्टिसाइडस) का प्रयोग करने से बचें। इसकी बजाय ईको-फ्रेंडली विकल्प चुनें, जैसे बर्तन धोने वाली साबुन में मिलाया सिरका।

### आक्रमणकारी पौधों की देखरेख करें

- आक्रमणकारी स्पेसीज को स्थापित होने या उनके द्वारा बीज से देने से पहले ही हटाकर उन्हें फैलने से रोकें। सभी आक्रमणकारी स्पेसीज का निपटारा कूड़े में करें, इन्हें यार्ड के कूड़े के तौर पर शामिल न करें।
- यार्ड के कूड़े या कंपोस्ट सामग्री को कुदरती क्षेत्रों में न फेंकें, क्योंकि यह आक्रमणकारी स्पेसीज को फैलाता है। इसकी बजाय, रीजन ऑफ पील (Region of Peel) के हरे डिब्बों और यार्ड कूड़ा कलेक्शन प्रोग्रामों का इस्तेमाल करें।

# आप एन.एच.एस. की हिमायत कैसे कर सकते हैं: घूमने के समय

### कुदरत को अकेला छोड़ दें

- जंगली जीवों को भोजन न खिलाएं, मानव भोजन उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और जानवरों को अपने खुद के स्रोत ढूंढने से भटकाता है।
- पेड़ों से शाखाओं की छंटाई न करें और न ही उनको हटाएं, क्योंकि इससे पेड़ों को नुकसान हो सकता है और जंगल का पुनर्जनन रुक सकता है।
- मेंढकों, सैलमैंडर्स और तितलियों जैसे छोटे जीवों को न छेड़ें और न ही उनको पकड़ें। उनको उनके घर में देखने का आनंद लें, अपने घर में नहीं।

### अतिक्रमण करने से बचें

- अतिक्रमण तब होता है, जब निवासी गलत ढंग से या निजी प्रयोग के लिए कुदरती क्षेत्रों का इस्तेमाल करते हैं, जैसे विस्तार की गई लैंडस्केपिंग। जो निवासी कुदरती क्षेत्रों पर अतिक्रमण करते हैं, वे एन.एच.एस. की गुणवत्ता को बिगाड़ देते हैं। ब्रैम्पटन में अतिक्रमण पर पाबंदी है और जुर्माना लग सकता है।

### फैलने से रोकें

- आक्रमणकारी स्पेसीज को फैलने से रोकने के लिए, कुदरती क्षेत्र से जाते समय अपने शरीर पर या सामान पर लगी पौधे की सामग्री को हटा दें।
- लकड़ी, शाखाएं या पौधे की सामग्री को न ले जाकर या इधर-उधर न करके, हानिकारक कीड़ों को फैलने से रोकें।

### कोई निशान न छोड़ें

- कूड़ा-कर्कट न बिखेरें। सारे कूड़े का निपटारा सही ढंग से करें, इसे प्रदान किए हुए डिब्बों में डाल दें या अपने साथ ले जाएं।
- पालतू जानवरों का मल साफ करें और उन्हें जंजीर से बांधकर रखें। यदि खुला छोड़ दिया जाए, तो पालतू जानवर वनस्पति को रौंद सकते हैं और पक्षियों या अन्य छोटे जानवरों को नुकसान पहुंचा सकते हैं।
- नई ट्रेल्स न बनाएं। अतिरिक्त ट्रेल्स एन.एच.एस. को खराब कर सकती हैं, आक्रमणकारी स्पेसीज को फैला सकती हैं और मूल स्पेसीज को परेशान कर सकती हैं।



# अकसर पूछे जाने वाले सवाल

**Q** **कुदरती क्षेत्रों के कारण मेरी प्रॉपर्टी की तरफ आकर्षित होने वाले कुतरने वाले जीवों और परेशान करने वाले जानवरों के बारे में मैं क्या कर सकता हूं?**


**A** जानवर, भोजन की तलाश में अपने कुदरती आवास को छोड़ते हैं। जानवरों को अपनी प्रॉपर्टी की तरफ आने से रोकने के लिए, कूड़े और कंपोस्ट को सही ढंग से स्टोर करके रखें और पक्षियों के फीडर्स से गिरे बीजों को साफ कर दें।

**Q** **मैंने अपनी प्रॉपर्टी के पास काइयोटी देखी है, मुझे क्या करना चाहिए?**

**A** काइयोटीस द्वारा लोगों पर हमला करने की घटनाएं बहुत ही कम हैं। लोगों से काइयोटीस के इंटरेक्शन के सभी ज्ञात मामलों में, जानवरों ने मनुष्यों के प्रति अपना डर छोड़ दिया क्योंकि लोग उनको भोजन करवा रहे थे। यह सुनिश्चित करने के लिए कि काइयोटस लोगों के आसपास सहज न हो जाएं, उनको भोजन न खिलाएं। ब्रैम्पटन में काइयोटीस के दिखने के बारे में जानकारी तक पहुंच के लिए या दिखने की रिपोर्ट जमा करने के लिए, brampton.ca/animalservices पर जाएं। यदि आपको बीमार या जख्मी काइयोटी दिखे, तो एनिमल सर्विसिज (Animal Services) को 311 पर फोन करके संपर्क करें।

**Q** **क्या कुदरती क्षेत्रों से जंगली घास मेरी प्रॉपर्टी में फैलेगा?**

**A** कुदरती क्षेत्रों के पास रहने के कई लाभ हैं। कुदरती क्षेत्रों से पौधे की स्पेसीज का प्रवास एक स्वस्थ प्रक्रिया है, जो कुदरत के पास और इसकी मौजूदगी में रहने का हिस्सा है।



चिंग्कूजी ट्रेल (Chinguacousy Trail)

**Q** **मेरी एलर्जीस का क्या करूं?**

**A** कुदरती क्षेत्र, पराग और हवा से पैदा होने वाले, एलर्जी पैदा करने वाले अन्य तत्वों की मौजूदगी के कारण एलर्जीस पर असर डाल सकते हैं। दरअसल, जलवायु संबंधी बदलाव, बढ़े हुए पराग उत्पादन और उगाने के लंबे सीजनों के कारण, एलर्जी की तीव्रता और अवधि को प्रभावित कर सकता है। क्योंकि गर्म मौसम, पौधों पर जल्दी फूल आने का संकेत देता है, पराग सीजन पहले शुरू हो जाते हैं और लंबे समय तक रहते हैं।

**Q** **मेरी प्रॉपर्टी के पीछे का कुदरती क्षेत्र गंदा दिखता है**

**A** अविकसित कुदरती क्षेत्र गंदे दिख सकते हैं, जब तक कि वे तैयार जंगलों में विकसित न हो जाएं। हालांकि, ये क्षेत्र तब भी, जंगली जीवों के लिए आवास और भोजन स्रोत सहित, कई लाभ प्रदान करते हैं।

## Q पेड़ों से पत्ते, पराग और पौधों संबंधी सामग्री मेरे यार्ड में गिर रही है। क्या सिटी पेड़ों को हटा सकती है?

**A** नहीं, सिटी पड़ोस की पब्लिक जमीन से पेड़ नहीं हटाएगी, जब तक कि ये प्रॉपर्टी या लोगों को तात्कालिक जोखिम पैदा न करते हों (जैसे गिरने वाले, खत्म हो चुके या खत्म हो रहे पेड़)। यह समझना जरूरी है कि कुदरती प्रक्रियाएं, जैसे पत्तों का कूड़ा, जंगली जीवों का दिखना और अन्य बाइ-उत्पाद, कुदरत के आसपास या इसके साथ रहने का कुदरती नतीजा हैं। पेड़, जलवायु संबंधी बदला का मुकाबला करने में, अपनी भूमिका निभाने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## Q मुझे यार्ड और गार्डन के कूड़े के साथ क्या करना चाहिए?

**A** अपने यार्ड के कूड़े का सही ढंग से निपटारा, पील रीजन (Peel Region) यार्ड कूड़ा कलेक्शन प्रोग्राम और अपने हरे डिब्बे द्वारा करें। यार्ड के कूड़े को कुदरती क्षेत्रों में या जल निकायों में फेंकना अवैध है क्योंकि इससे पर्यावरण को नुकसान पहुंच सकता है।

## Q कुदरती क्षेत्रों में अतिक्रमण के क्या परिणाम होते हैं?

**A** प्रॉपर्टी की बाउंड्रीज से आगे कुदरती क्षेत्रों में लॉन का विस्तार करने से, यह विविध कुदरती आवास को तबाह करता है और बायोडायवर्सिटी को कम करता है। अतिक्रमण पर पाबंदी है और इसके लिए, ब्रैम्पटन बाइ-लॉ (Brampton By-Law) सर्विसिज द्वारा जुर्माना लगाया जाएगा।

यदि आप किसी को अवैध ढंग से कूड़ा फेंकने, पेड़ों को काटने या अपनी चारदीवारी से यार्ड का कूड़ा फेंकने के द्वारा एन.एच.एस. को नुकसान पहुंचाते हुए या इसमें विघ्न डालते हुए देखें, तो तुरंत इस कार्य की रिपोर्ट, 311 पर बाइ-लॉ को करें।

**क्या आपको पता है?**



लोफर्स लेक (Loafers Lake)

# शब्दावली



**बायोडायवर्सिटी**

सभी सजीव वस्तुएं और वे तरीके, जिनके साथ वे एक-दूसरे से और अपने पर्यावरण के साथ इंटरेक्ट करती हैं।

**ईकोसिस्टम**

यूनिट के तौर पर काम करते हुए, जीवों की कम्युनिटी और भौतिक पर्यावरण, जहां वे रहते हैं और जिस पर वे निर्भर हैं।

**ईकोसिस्टम सेवाएं**

कुदरती पर्यावरण द्वारा प्रदान किए जाने वाले लाभ। इसमें शामिल हैं, बाढ़ नियंत्रण, मिट्टी को रोककर रखना, पानी का शुद्धिकरण, सुधरी हुई हवा गुणवत्ता, परागण, जलवायु संबंधी बदलाव में कमी और जंगली जीवों के कुदरती आवास का प्रबंध, जंग और ताजे पानी के भोजन और आउटडोर रेक्रिएशन और गतिविधियों के लिए जगहें।

**कुदरती क्षेत्र**

जमीनें, जो सिटी द्वारा सुरक्षित की गई हैं, जिनमें कुदरती विरासत की विशेषताएं हैं, जैसे जंगल, घाटी की जमीनें, वेटलैंड्स, झीलें, नदियां, तालाब और मेडोज।

**नैचुरल हेरिटेज सिस्टम**

ब्रैम्पटन की कुदरती विशेषताओं और क्षेत्रों का नेटवर्क, जिसमें शामिल हैं, जंगल, घाटी की जमीनें, वेटलैंड्स, झीलें, नदियां, तालाब और मेडोज। एन.एच.एस., सिटी और इसके निवासियों के लिए लाभ और जरूरी सेवाएं प्रदान करता है, जैसे हमारी हवा और पानी को साफ करना, बायोडायवर्सिटी की देखरेख करना, बाढ़ को कम करना, रेक्रिएशनल अवसर प्रदान करना और ग्रीनहाउस गैस (जी.एच.जी.) निकासियों को सोखना और स्टोर करना।

**नागरिकीकरण**

एक प्रक्रिया, जिसके द्वारा वैकल्पिक जमीन प्रबंधन पद्धतियां, ईकोसिस्टम के पुनर्जनन को प्रोत्साहित करती हैं।

**पोलीनेटर**

पोलीनेटर्स वे कीड़े या जानवर हैं, जो परागण को फूल (पुंकेसर) के नर हिस्से से, उसी या अलग फूल (फूल के गर्भ केसर का सिरा) के मादा हिस्से तक लेकर जाते हैं। पौधे के लिए परागण की गतिविधि जरूरी है, ताकि ये उपजाऊ बन सके और फूल, बीज और छोटे पौधे पैदा कर सके।

## अन्य संसाधनों की पड़ताल करने के लिए, QR कोड्स स्कैन करें

Grow Green

NHS restoration map

Litter Reduction

Animal Services

Brampton Trail Map

Lakes and River Tours

Invading Species

Credit Valley Conservation

Toronto and Region Conservation Authority

Invasive Plants

इस बारे में अधिक जानकारी लें कि आप ब्रैम्पटन के नैचुरल हेरिटेज सिस्टम की हिमायत करने में कैसे शामिल हो सकते हैं।
brampton.ca/growgreen पर जाएं



311 brampton.ca/nhs

BRAMPTON